हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

12 आईजीयू में रिजल्ट में त्रुटियों को लेकर...



12 14 जुलाई से पहले बीएलओ को गणना प्रपत्र भरकर...



## खबर संक्षेप

### बच्चों को छोड़कर विधवा मां प्रेमी के साथ फरार

**कोसली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मायके आई हुई महिला दो बच्चों को दादी के पास छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस शिकायत में महिला के पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी एक गांव में की थी। उसकी बेटी को शादी के बाद दो बच्चे हुए। उसके पति की कोराना के दौरान मौत हो गई। उसके बाद बेटी अपने दोनों बच्चों के साथ ससुराल में ही सास के पास रह रही है। बीते दिनों वह अपने बच्चों को दादी के पास छोड़कर मायके आई थी। दो दिन पहले वह घर से अचानक लापता हो गई। उसने पुलिस शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी बेटी सोशल मीडिया पर चरखी दादरी के एक युवक के संपर्क में थी, जो उसे डरा-धमकाकर अपने साथ ले गया। वह जेवरात व मोबाइल फोन भी साथ ले गई है।

### देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने खोल गांव में अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खोल निवासी विक्रम पाल गांव में अवैध शराब बेचता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की, तो आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 26 अध्धे बरामद हुए। पुलिस ने उसे शराब सहित मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट मामले के तीन आरोपी चढ़े हत्थे

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने कारोली में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल पीड़ति के बयान पर गत 12 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। डीएसपी की जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कारोली निवासी अरविंद, सत्यवान और कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। लगभग दो साल पहले एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के सुल्ताना निवासी शक्ति सिंह को गिरफ्तार किया है।

### आपसी विवाद में 10 लोगों पर केस दर्ज

**बावल।** कसोला पुलिस ने पातुहेड़ा में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों के 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने गांव के दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर एक पक्ष के मानसिंह, धर्मबीर, हरकेश, राकेश, आकाश व दूसरे पक्ष के सुनील, सतीश, विजय, अजयपाल व जसवंत को निवारक कार्यवाही के तहत गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को कोर्ट से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### फरार चल रहा पीओ भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे मामले के दौरान खालेटा निवासी विक्रम आदालत में पेश नहीं हो रहा था। कोर्ट ने उसे नोटिस देने के बाद पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी हुए थे। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ पीओ घोषित होने का केस दर्ज है।

## एक दिन की झमाझम के बाद बूंदाबांदी, बादलों के बावजूद नहीं हुई अच्छी बारिश

- पारा चढ़ने के साथ ही बढ़ने लगा गर्मी का असर, आज फिर बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। एक खेत में बाजरे की फसल से छाई हरियाली।

गत 7 जुलाई को हुई मानसून की पहली अच्छी बारिश के बाद दो दिन से आसमान में बादल तो छा रहे हैं, परंतु मौसम बूंदाबांदी तक सीमित बना हुआ है। सक्रिय होने के साथ ही मानसून कमजोर पड़ने लगा है, जिससे अच्छी बारिश की संभावनाएं भी धूमिल होती नजर आने लगी हैं। शुक्रवार को एक बार फिर बारिश की संभावना जताई जा रही है। वीरवार शाम आसमान में बादल गहराने के बाद अच्छी बारिश के आसार नजर आने लगे। वीरवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में बौछारें भी गिरीं। दोपहर तक एक बार बादल छंटते ही उमस भरी गर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री बढ़कर 31.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 1.3 डिग्री की वृद्धि के साथ 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 70 प्रतिशत तक रहने के कारण दोपहर बाद तक उमस भरी गर्मी परेशान करती रही। इससे पूर्व बुधवार को दिन भर मौसम ठंडा बना रहा था। कूलर और एसी तक के इस्तेमाल की जरूरत नहीं पड़ी थी। दोपहर बाद एक बार बादल साफ हुए तो तेज धूप और हवा में नमी ने उमस पैदा कर दी, जिससे शाम तक लोगों के पसीने छूटते रहे। चिपचिपाहट भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार 10 जुलाई को एक बार फिर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके बाद कुछ दिनों तक भारी बारिश के आसार नहीं हैं। अगर मौसम साफ होता है, तो तापमान बढ़ने के बाद भारी गर्मी का असर भी देखने को मिलेगा। वीरवार को शाम के समय एक बार फिर से बादल गहराने के बाद बारिश की संभावना नजर आने लगी। बारिश के संभावना के चलते जिले के किसानों पर खुशी नजर आ रही है। ज्वार व बाजरा की फसलों में बारिश का असर झलक रहा है।

### बिजली की खपत में होने लगा इजाफा

मानसून की पहली अच्छी बारिश के बाद तापमान गिरने से घरेलू बिजली की खपत 20 लाख यूनिट तक कम हो गई थी। बारिश का सिलसिला थमने के बाद बिजली की दैनिक खपत में फिर से इजाफा होना शुरू हो गया है। इस समय बिजली की खपत 80 लाख यूनिट के पार पहुंच गई है। अगर आने वाले दिनों में बारिश नहीं होती है और तापमान बढ़ता है, तो बिजली की खपत जल्द ही 90 लाख यूनिट का आंकड़ा पार कर जाएगी।

## शहर की सड़कों पर वाहन चालकों को नहीं मिल रहा सुरक्षित सफर

# बारिश के साथ दम तोड़ने लगीं सड़कें, बढ़ी हादसों की आशंका

सड़कों पर पानी एकत्रित होने के बाद गड्ढे हो रहे खतरनाक, दुपहिया वाहन चालक बनने लगे हादसों के शिकार, डर का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरिभूमि सरोकार



रेवाड़ी। एनएच-48 के सर्विस रोड पर हुए गड्ढे। फोटो : हरिभूमि

मानसून की बारिश के साथ ही सड़कों के टूटने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। खासकर रोड़ी और तारकोल से बनी सड़कें पहली बारिश के बाद ही दम तोड़ने लगी हैं। सड़कों में लंबे-चौड़ और गहरे गड्ढे हादसों का कारण बनने लगे हैं। पानी एकत्रित होने के बाद गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुपहिया वाहन चालक हादसों के शिकार हो रहे हैं। कार व अन्य वाहन गड्ढों में जाकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे इनके मालिकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक दिन की तेज बरसात से ही शहर पूरी तरह बदहाली की ओर अग्रसर हो चुका है। जगह-जगह गड्ढों के कारण शहर की सड़कों पर सुरक्षित सफर करना भी मुश्किल हो गया है। शहर के सरकुलर रोड, बाजार, कॉलोनियों व मुख्य मार्गो की सड़कें गड्ढों में तब्दील होकर लोगों के आफत बनी हुई है। प्रशासन की ओर से सिर्फ बैठकें करके बातों के जरिये लोगों के सफर को सुगम व सुरक्षित बनाने के दावे किए जा रहे है, लेकिन धरातल पर कुछ भी हलचल तक नजर नहीं आ रही है।

### सड़कों की हो चुकी दयनीय हालत

एचएसवीपी ने सेक्टरों की सड़कों की जिम्मा नगर परिषद को सौंपा हुआ है। सेक्टर-3 में चारों ओर किसी भी दिशा से प्रवेश करते हुए टूटी सड़कों के दर्शन शुरू हो जाते हैं। जिला सचिवालय से सेक्टर-3 को जाने वाली सड़क कई जगहों से टूटी हुई है। कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के निवास की ओर जाने वाली सड़क जिमखाना क्लब से लेकर आयुर्वेद डिस्पेंसरी तक कई स्थानों पर टूटी हुई है। इस सेक्टर की कई अन्य सड़कों पर मोटे गड्ढे बने हुए हैं, जो हादसों को अंजाम देने के लिए तैयार हैं। पैच वर्क के नाम पर इन सड़कों पर मोटा पैसा बहाया जाता है, लेकिन सड़कों की हालत में कोई सुधार नजर नहीं आता। कमोबेश यही स्थिति मॉडल टाउन और शहर के दूसरे सेक्टरों की सड़कों की बनी हुई है। महाराणा प्रताप चौक के आसपास सड़क पर लगी टाइलों में एकत्रित होने वाला पानी ही हादसों का कारण बन रहा है। कई स्थानों पर ठेकेदार विकास कार्यों के दौरान खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत समय पर नहीं कराते, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

### नई सड़कों की बिखरने लगी रोड़ियां

शहर में हाल ही में बनी नई सड़कों की भी रोड़ियां बिखरने लगी है। ब्रास मार्केट, सेक्टर-1, सेक्टर-3 व बाजार की नई सड़क की परत उखड़ने लगी है। मेन बाजार की करीब 4 करोड की लागत से बनाई गई सड़क पर भी कई जगह गड्ढे हो चुके है, जबकि अभी रेलवे रोड, बारा हजारी रोड व काठमंडी का काम पूरा नहीं हुआ है। बाजार की नई सड़क पर भाड़ावास गेट के पास, पुरानी सब्जी मंडी रोड व मोती चौक के पास गड्ढे हो चुके है। शहर के करीब चार किलोमीटर के सरकुलर रोड पर कई जगह गड्ढें बन गए है। सरकुलर रोड पर अग्रसेन चौक व नाईवाली चौक की स्थिति ज्यादा खराब है। इसके अलावा सेक्टर-3, सेक्टर-4 सेक्टर-1 सचिवालय रोड व हाउसिंग बोर्ड के सामने काफी गड्ढे हो चुके है।



### डीएमसी कार्यालय के पास की सड़क जर्जर

लघु सचिवालय से अनाजमंडी रोड पर स्थित डीएमसी कार्यालय के पास की सड़क पूरी तरह जर्जर अवस्था में आ चुकी है। इस मार्ग पर कई वाहन भी गड्ढों में फंस चुके है। सड़क के किनारे लगाई गई इंटरलाकिंग टाइल्स उखड़कर गड्ढे हो चुके है, जिसके कारण कीचड़ हो गया है। जलभराव के कारण गड्ढे नजर नहीं आने से इनमें वाहन फंस रहे है।



### हाइवे के सर्विस रोड के हालात खराब

एनएच-48 के सर्विस रोड पर भी भारी-भरकम गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी बने हुए है। कसोला चौक से बनीपुर चौक के सर्विस रोड पर जगह-जगह सड़क जर्जर अवस्था में आ चुकी है। बरसात के मौसम में तारकोल से बनने वाली सड़कों का निर्माण संभव नहीं होता। बरसात का सिलसिला अगले कई दिनों तक चलने की संभावना है। ऐसे में टूटी सड़कों का निर्माण शुरू होने में काफी समय लगेगा। इस दौरान सड़कों के गड्ढों दुपहिया वाहन चालकों को अपना शिकार बना सकते हैं।

## बेरवाल में पुलिस बल की मौजूदगी में हटवाया कब्जा



रेवाड़ी। बेरवाल गांव में कब्जा खाली कराते हुए प्रशासन की टीम।

- पंचायती जमीन पर लंबे समय से किया हुआ था कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बेरवाल गांव में काफी समय से किए गए पंचायती जमीन पर कब्जे को वीरवार को पंचायत विकास विभाग की टीम ने जेसीबी से खाली करा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

गांव के एक व्यक्ति ने पंचायती जमीन पर काफी समय से कब्जा किया हुआ था। ग्राम पंचायत की ओर से कब्जा खाली कराने के लिए केस दायर किया हुआ था। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कब्जे को पूरी तरह अवैध माना गया था। इसके बाद जमीन की पैमाइश कराई गई। कब्जा हटाने के आदेश जारी होने के बाद वीरवार को ड्यूटी मजिस्टेट जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ विनोद बागड़ी और पुलिस बल को साथ लेकर पंचायत अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से पंचायती जमीन को खाली करा लिया गया। इस दौरान कब्जा धारक की ओर से मामूली विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल के कारण उसका विरोध काम नहीं आया।

### नशीला पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने शहर में नशीला पदार्थ गांजा बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि भोतवास अहीर निवासी धीरज नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह शहर में नशीला पदार्थ बेचने के लिए किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहां मौजूद एक शख्स ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ।



### रेवाड़ी में मिले 40.7 किलो मादक पदार्थो का निष्पादन

**रेवाड़ी।** नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत वीरवार को आईजीपी साउथ रेंज ओम प्रकाश नरवाल की अध्यक्षता में रेवाड़ी में बरामद 47 मदों से संबंधित मादक पदार्थो का सेक्टर-37 गुरुग्राम स्थित बायोटेक वेस्ट लिमिटेड कंपनी के बॉयलर में निष्पादन किया गया। मौके पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा और डीएसपी कोसली विद्यानंद सहित कमेटी के मेंबर मौजूद थे। निष्पादन की गई 47 मदों में 30.874 किलोग्राम गांजा, 5.230 किलोग्राम सुल्फा-चरस, 288 ग्राम स्मैक तथा प्रतिबंधित दवाइयों में 1480 कैप्सूल, 3163 टेबलेट, 550 इंजेक्शन तथा 1.220 किलोग्राम अफीम सहित कुल 40.76 किलोग्राम नशीले मादक पदार्थ शामिल थे। उपरोक्त मदों में से 1.220 किलोग्राम अफीम मध्य प्रदेश के जिला नीमच की एक दवा कंपनी में जमा कराई जाएगी। मौके पर रीडर आईजीपी साउथ रेंज एएसआई रवि दत्त, एसआई अनिल कुमार, एसआई काशीराम, लाइन ऑफिसर एसआई विजय कुमार व एसआई सुनील कुमार आदि रहे।

## नपा करेगी वार्ड कमेटियों का गठन इच्छुक लोगों से 17 तक मांगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

- 18 वार्डों में होगा कमेटी का गठन, हर वार्ड से 3 से 7 लोग होंगे शामिल



सुमित कुमार।

हरियाणा नगर पालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अंतर्गत नगर पालिका धारूहेड़ा के प्रत्येक वार्ड में वार्ड कमेटी का गठन किया जाएगा। शहर के 18 वार्डो में कमेटी का गठन होगा। नपा सचिव सुमित कुमार ने बताया कि अधिनियम के तहत नगर पालिका की ओर से प्रत्येक वार्ड से वार्ड कमेटी में 3 से 7 आमजन को बतौर सदस्य शामिल किया जाना है। उन्होंने प्रत्येक वार्ड के नागरिकों से अनुरोध किया है कि जो भी अपने वार्ड में हरियाणा नगर पालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अंतर्गत वार्ड कमेटी का सदस्य बनना चाहता है, वह 17 जुलाई को शाम 5 बजे तक नगर पालिका कार्यालय के कमरा नंबर-7 में अपना आवेदन दे सकता है। हरियाणा नगर पालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के तहत नियम व शर्ते नगर परिषद कार्यालय से ली जा सकती है। सचिव सुमित ने बताया कि वार्ड कमेटियों के गठन करने का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर नागरिकों की भागेदारी बढ़ाना, वार्ड की समस्याओं के समाधान की दिशा में सहयोग देना तथा विकास कार्यो की निगरानी के लिए सहभागिता सुनिश्चित करना है।




### विधायक डॉ कृष्णा ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रेवाड़ी।** विधायक डा. कृष्ण कुमार ने वीरवार को कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही निवारण कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों को प्राथमिकता से सुनते हुए समाधान करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। आमजन समाधान शिविर में भी अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें रख सकते हैं। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## राजस्थान रोडवेज बस में पुलिसकर्मी ने काटा बवाल

- थाने पहुंचने के बाद हुआ दोनों पक्षों में समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



वीरवार सुबह दिल्ली से झुनझुनू जा रही राजस्थान रोडवेज की बस में दिल्ली पुलिस के एक जवान ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस की ईआरवी बस स्टैंड पहुंची। वहां से पुलिसकर्मी व कॉल करने वाले को सिटी थाने ले गई, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। यात्रियों के अनुसार दिल्ली पुलिस का एक जवान शराब के नशे में धुत होकर बस की सीट पर सो रहा था। बस में सवार से बुजुर्ग ने उसे उठाने का प्रयास किया, तो पुलिसकर्मी ने उसके साथ हंगामा करना शुरू कर दिया। इसी दौरान दो-तीन युवकों ने भी पुलिसकर्मी को सीट से उठने को कहा, तो उसने युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक ने कंट्रोल रूम को फोन पर घटना की सूचना दी। धारूहेड़ा के पास शुरू हुआ विवाद बस स्टैंड तक चलता रहा। बस से पुलिसकर्मी व युवकों को उतारकर थाने ले गई। वहां पहुंचने के बाद पुलिसकर्मी ने अपनी गलती मानते हुए माफी मांग ली।

### रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा के 10 व 13 जुलाई से बढ़ेंगे रूट

## यात्रियों के लिए 7 जोड़ी स्पेशल रेलसेवा अवधि में विस्तार

अजमेर-योगनगरी ऋषिकेश-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में अजमेर से 22 जुलाई से 30 सितंबर तक होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। रेलगाड़ी। फोटो : हरिभूमि

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 7 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09633/09634 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा में रेवाड़ी से 10 जुलाई व 13 जुलाई एवं रींगस से 11 जुलाई व 14 जुलाई को विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09637/09638 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा में रेवाड़ी से 10 व 13 जुलाई एवं रींगस से 10 व 13 जुलाई को विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09611/09612 अजमेर-योगनगरी ऋषिकेश-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में अजमेर से 22 जुलाई से 30 सितंबर तक एवं योगनगरी ऋषिकेश से 23 जुलाई से 1 अक्टूबर तक विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04731/04732, श्रीगंगानगर-समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 26 जुलाई एवं समस्तीपुर से 28 जुलाई को विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01905/01906 कानपुर सेंट्रल-असारवा-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में कानपुर सेंट्रल से 20 जुलाई से 31 अगस्त तक एवं असारवा से 21 जुलाई से 1 सितंबर तक विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04111/04112 प्रयागराज-गांधीग्राम-प्रयागराज द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में प्रयागराज से 18 जुलाई से 29 अगस्त तक एवं गांधीग्राम से 19 जुलाई से 30 अगस्त तक विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01910/01909 आगरा कैंट-असारवा-आगरा कैंट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में आगरा कैंट से 3 अगस्त से 31 अगस्त तक एवं असारवा से 4 अगस्त से 1 सितंबर तक विस्तार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल स्टोर से बैट्री, इन्वर्टर व दवाइयां चोरी

**कोसली।** सहादतनगर गांव से चोर एक मेडिकल स्टोर से इन्वर्टर, बैट्री, दवाइयां व ग्रामीण के खेत की कोठड़ी में लगे इन्वर्टर, बैट्री व अन्य सामान चोरी कर ले गए। अमीर सिंह ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उन्होंने सुरेहली मोड़ पर मेडिकल स्टोर खोला हुआ है। मंगलवार रात चोर उनके मेडिकल स्टोर से एक इनवर्टर, एक बैट्री व कुछ दवाइयां चोरी करके ले गए।

### स्वास्थ्य मंत्री आज 30 आधुनिक एंबुलेंस को दिखाएंगी हरी झंडी

**रेवाड़ी।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव 10 जुलाई को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को 30 आधुनिक एंबुलेंस सेवाओं हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। यह पहल प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### पति सहित चार पर कराया दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**कोसली।** नाहड़ गांव की एक विवाहिता ने अपने पति सहित चार लोगों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए चौकी में शिकायत दी है। विवाहिता प्रीति ने बताया कि उसकी शादी साढ़े तीन वर्ष पूर्व रेवाड़ी जिले के दिदोली गांव के राजकुमार से हुई थी। उसका पति, माता बाला देवी, देवर सतबीर व सतीश उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट कर परेशान करते हैं। उसका पति कई महीनों से उसे ससुराल लेकर भी नहीं गया है।

### छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**रेवाड़ी।** हांसाका स्थित श्रीकृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीरवार को इंग्लिश स्पीच कंपटीशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर छात्रा वंशिका ने योर कम्फर्ट जोन इज योर बिग्गेस्ट एनीमी, लिसा ने जैन्डर इक्वलटीः मूविंग बियोंड वन साइड स्टोरी, सोहम ने सोशल मीडिया, सारिका ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, आशू ने काईंडनैस तथा परी ने बीलीव इन योवर सेल्फ विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने अपनी स्पीच में एक तरफ जहां समाज की दशा का सुंदर चित्रण किया।

# बसीरपुर, तलोट, घाटासेर व छिलरो गांव के किसानों ने खुलकर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक का किया समर्थन

▶▶ लॉजिस्टिक हब में मर्जी से दी जमीन, सरकार का यह प्रोजेक्ट जल्द हो शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी क्षेत्र में प्रस्तावित मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब की जमीन को लेकर चल रहा विवाद की तस्वीर किसी हद तक साफ होती दिखाई दे रही है। यह लॉजिस्टक हब 1205 एकड़ में बनना है। इनमें से 1050 एकड़ के लगभग जमीन किसानों ने मर्जी से जमीन दी। करीब 150 एकड़ जमीन के मालिकों ने जमीन बेचने से इनकार किया है, यह अधिक राशि की डिमांड कर रहे है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

वीरवार को मीडिया के सामने गांव बसीरपुर, तलोट, घाटासेर व छिलरो के वह अधिकांश किसान सामने आए, जिन्होंने मर्जी से लॉजिस्टिक हब के लिए जमीन सरकार को दी थी। इन किसानों का स्पष्ट कहना था कि कोई जोर जबरदस्ती जमीन नहीं ली गई। उस वक्त कलेक्टर रेट 12 व 13 लाख के बीच का था, उस हिसाब से हमें 30 लाख प्रति एकड़ मिला। यह भी बहुत बड़ी राशि है। किसी तरह का कोई बिचौलिया नहीं था। सीधी राशि बैंक खातों में आई। हम तो सरकार से मांग करते है कि इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द जमीन पर उतारें ताकि यहां के युवाओं को रोजगार मिल सके।



नारनौल। जमीन देने वाले किसानों ने रखा सरकार के पक्ष में अपना मत। फोटो : हरिभूमि

**सरकार का बड़ा प्रोजेक्ट, शुरू होने से मिलेगा रोजगार**

किसानों ने कहा कि मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब महेंद्रगढ़ जिले का सबसे बड़ा विकास प्रोजेक्ट है। इसके शुरू होने से क्षेत्र में बड़े स्तर पर निवेश आएगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी। साथ ही परिवहन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बेहतर होगा।

### *जमीन अधिग्रहण में ना जबरदस्ती ना ही फर्जी हस्ताक्षर*

*मीडिया के समक्ष गांव बसीरपुर के सुरेंद्र यादव, घाटासेर से ओमप्रकाश, ताजीपुर से रामपाल व तलोट से ओमप्रकाश ने किसानों का पक्ष रखा। उनके साथ ऐसे अनेक किसान आए थे, जो हब के लिए स्वैच्छा से जमीन दे चुके है। इन किसानों ने लॉजिस्टिक हब परियोजना का खुलकर समर्थन किया और कहा कि उन्होंने अपनी जमीन पूरी तरह अपनी इच्छा से हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को दी है। जमीन अधिग्रहण में किसी प्रकार की जबरदस्ती या फर्जी हस्ताक्षर नहीं हुए हैं और कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। इन किसानों ने कहा कि उनकी जमीन की वास्तविक बाजार कीमत 10 से 12 लाख रुपये प्रति एकड़ से अधिक नहीं थी, जबकि सरकार ने उन्हें लगभग 30 लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दिया। ऐसे में वे दिए गए मुआवजे से संतुष्ट हैं। जिन किसानों को किसी प्रकार की आपत्ति है, उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया हुआ है और मामला वहीं विचाराधीन है। ऐसे मुद्दे पर अनावश्यक राजनीति करना उचित नहीं है।*

> कुछ लोग उन्हें आंदोलन में शामिल होने के लिए लगातार गुमराह कर रहे हैं

### *भाईचारा ना करें खराब, पूर्व मंत्री पर आरोप निराधार*

*किसानों ने यह भी कहा कि कुछ लोग उन्हें आंदोलन में शामिल होने के लिए लगातार गुमराह कर रहे हैं और गांवों का भाईचारा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे अनपढ़ नहीं हैं, बल्कि पढ़े-लिखे किसान हैं और सभी दस्तावेजों को अच्छी तरह पढ़ने और समझने के बाद ही अपनी जमीन एचएसआईडीसी को दी है। कुछ बाहरी लोग हमारे भाईचारे को खराब करना चाहते है। उन्होंने दावा किया कि पूरे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पारदर्शी रही है तथा परियोजना में कहीं भी किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ। किसानों ने पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह पर लगाए जा रहे आरोपों को भी निराधार बताते हुए कहा कि विकास कार्यों को राजनीतिक विवाद का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस परियोजना को समय पर पूरा कराया, ताकि क्षेत्र का विकास प्रभावित न हो।*

## स्वास्थ्य मंत्री ने बौचड़िया व सलीमपुर में 3.13 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

# राजनीति में राज करने नहीं, बल्कि लोगों की सेवा करने आई हूं : आरती

■ अटेली हल्के के गांव बोचड़िया एवं सलीमपुर में धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली





मंडी अटेली। आरती राव को पगड़ी पहनाती सरपंच आरती यादव एवं बोचड़िया में धन्यवाद कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने वीरवार को अटेली हल्के के गांव बोचड़िया एवं सलीमपुर का दौरा कर धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रमों में ग्रामीणों का भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह मंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया, वहीं सलीमपुर में मंत्री को चांदी का मुकुट भी भेंट किया गया, जिसे मंत्री ने गोशाला में दान कर सामाजिक संदेश दिया। बोचड़िया में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली, जहां पुरुषों से अधिक संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि आम व्यक्ति को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। मंत्री ने अटेली क्षेत्र के लिए हाल ही में मेदांता अस्पताल के साथ हुए समझौता (एमओयू) का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल विकसित किया जाएगा, जहां गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दो वर्ष तक की देखरेख विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जाएगी, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जो भी मेरे पास अपने निजी काम के लिए आता है, उनका भी काम में करवाने का काम करती हूं। क्योंकि आगे चलकर यह न कहें कि छोरी जब चुनाव लड़ रही थी तो बोले थे, इसको तो दिल्ली ढूंढना पड़ेगा। आरती तो अंग्रेजी बोलती है, हिंदी तो बोलनी भी नहीं आती है। वह राजनीति में राज करने नहीं, बल्कि सेवा करने आई है। सलीमपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि अटेली में उनका कार्यालय लगातार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहा है।

**गांव को जोड़ा जाएगा सीवर लाइन से**

गांव की प्रमुख समस्या सीवर लाइन को लेकर उन्होंने जल्द कार्य शुरू कराने की बात कही। सरपंच आरती यादव द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए लैंड एक्सचेंज की मांग पर भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा। इसके अलावा सलीमपुर गांव का नाम बदलकर गोपालपुर करने की मांग पर भी उन्होंने जानकारी दी कि इस संबंध में फाइल चंडीगढ़ में विचाराधीन है और जनगणना के बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने बोचड़िया स्थित बाबा जाटा वाला मंदिर के प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही दोनों गांवों में पंचायत द्वारा बनाई गई इंटरलॉकिंग टाइल सड़कों का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि क्षेत्र का नेतृत्व एक सक्षम और जनहितैषी प्रतिनिधि के हाथों में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और इसका लाभ आम जनता को मिल रहा है।

**यह रहे मौजूद :** कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, स्वास्थ्य मंत्री के पीए गोविंद गोस्वामी, अटेली मार्केट कमेटी चैयरमैन दिनेश जेलदार, जिला पार्षद उर्मिला देवी, जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह, सत्यवान, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू दौंगड़ा अहीर, भाजपा नेता कुलदीप यादव बौचड़िया, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सराय, मंडल महामंत्री, एडवोकेट बबली यादव, इंद्रजीत यादव, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य बबली सिहार आदि मौजूद रहे।

### एनएचएम कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नारनौल।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नागरिक अस्पताल में जिले के एनएचएम कर्मचारियों की आम सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता प्रदेश कार्यालय सचिव हरकेश ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र ने किया। बैठक के बाद कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री आरती राव को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र ने कहा कि अब तक 102 व 112 एंबुलेंस चालकों का ड्यूटी रोस्टर जिला स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों और जनहित को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता था, जिससे वर्षों से रेफरल ट्रांसपोर्ट सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो रही थीं। लेकिन मिशन निदेशक, एनएचएम हरियाणा द्वारा हाल ही में ऑनलाइन रोस्टर प्रणाली लागू करने के बाद प्रदेशभर के कर्मचारियों के ड्यूटी स्थल बदल दिए गए हैं।

### चंदपुरा में उपस्वास्थ्य केंद्र की मंजूरी पर जताई खुशी




**मंडी अटेली।** प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा गांव चन्दपुरा में उप स्वास्थ्य केंद्र की मंजूरी दिए जाने पर ग्रामवासियों में खुशी जताई है। इस घोषणा से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और इसे क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। अटेली क्षेत्र के धन्यवाद कार्यक्रमों में जाते समय बजाड़ मोड़ पर एकत्र हुए जहां उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का जोरदार स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से उन्हें अब प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं



**मंडी अटेली।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने वीरवार को अटेली में पावर हाउस के सामने स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र से जुड़ी समस्याएं सामने आई। अटेली क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने पेयजल संकट को लेकर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया और जल्द समाधान की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर गांव रामबास की ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि भी मंत्री के कार्यालय पहुंचे और अपने क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र (सब सेंटर) की मंजूरी मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए पुलिस टीम।

### विद्यार्थियों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। उन्होंने युवाओं से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने कहा कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

## बच्चों का बेहतर पोषण परिवार की ही नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारीः डा. सोलखे

डॉ. रेनू सोलखे ने गांव भाड़ावास व जैतड़ावास के आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। आंगनबाड़ी केंद्र में पौधारोपण करते हुए सीजेएम।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला की ओर से चलाए जा रहे स्वस्थ बच्चा, सशक्त राष्ट्र कुपोषण उन्मूलन अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डा. रेनू सोलखे ने वीरवार को गांव भाड़ावास एवं जैतड़ावास स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंन केंद्रों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को उपलब्ध कराई जा रही पोषण, स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं काजायजा लिया। डा. सोलखे ने बच्चों को वितरित किए जाने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता एवं उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाएं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, खेल एवं शिक्षण सामग्री, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति तथा रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच की। इस मौके पर डा. सोलखे ने कहा कि बच्चों का बेहतर पोषण केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। कुपोषण को समाप्त करने के लिए सभी विभागों, आंगनआड़ी कार्यकर्ताओं तथा आमजन की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को सभी निर्धारित सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

### हेल्थ सब सेंटर को पीएचसी बनाना बेहद सराहनीय कदम : दिनेश यादव



**रेवाड़ी।** भाजपा के जिला सचिव व प्रमुख समाजसेवी दिनेश यादव टींट ने कहा कि प्रदेश की कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने टींट के हेल्थ सब सेंटर को पीएचसी का दर्जा दिलाकर सराहनीय कार्य किया है। इससे गांव में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार होगा। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। टींट में पीएचसी को स्वीकृति मिलने के बाद आरती राव का आभार जताने पहुंचे दिनेश यादव ने कहा कि गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने ग्रामीणों की भावनाओं और स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए हेल्थ सब सेंटर को पीएचसी का दर्जा दिलाकर बड़ा कदम उठाया है। सरकार के इस फैसले से टींट गांव और उसके आसपास के पूरे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है, क्योंकि अब उन्हें बुनियादी और आपातकालीन इलाज के लिए दूरदराज के इलाकों या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। दिनेश यादव टींट ने कहा कि टींट गांव और आसपास के इलाके की बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए वर्तमान में संचालित उप-स्वास्थ्य केंद्र की क्षमताएं कम पड़ रही थी, इसलिए चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिया जाना बेहद जरूरी था।

## भाविप ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भारत विकास परिषद शाखा की ओर से वीरवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय में हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर शांति लैबोरेट्रीज महेंद्रगढ़ के सहयोग से लगाया गया। शिविर के दौरान 60 से अधिक छात्राओं के रक्त की जांच की गई। जांच में जिन छात्राओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम पाई गई, उन्हें परिषद की ओर से आयरन और फोलिक एसिड की दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर सभी छात्राओं को फल भी दिए गए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने छात्राओं को खान-पान में सुधार और रक्त की मात्रा बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारत विकास परिषद की महिला समन्वयक रीना बंटी ने बताया कि परिषद द्वारा पिछले पांच वर्षों से लगातार इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और एनीमिया जैसी समस्याओं की समय पर पहचान कर उनका समाधान करना है।

### पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

## सीएम सैनी स्वयं करते हैं शिविरों की समीक्षा : डॉ. खोला

■ शिविर में 20 समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। आमजन की समस्याएं सुनते एसडीएम उदय सिंह व डॉ. सतीश खोला।

हरियाणा सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से एसडीएम उदय सिंह की अध्यक्षता में नांगल चौधरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण (पीपीपी) के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला भी पहुंचे । शिविर के दौरान डॉ. सतीश खोला ने नागरिकों से बातचीत कर सरकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की मंशा है कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। डॉ. खोला ने शिविर में पहुंचे लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उनकी राय जानी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन, पारदर्शिता और अंत्योदय के सिद्धांत पर निरंतर कार्य कर रही है। इन समाधान शिविरों के आयोजन का मुख्य मकसद यही है कि नागरिकों की समस्याओं का निवारण उनके घर के नजदीक ही बेहद पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जा सके, जिससे उन्हें बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

**पारदर्शिता व जवाबदेही हो रही सुनिश्चित**

इस शिविर के दौरान मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन शुरू करने, आय प्रमाण पत्र जारी करने, नए राशन कार्ड बनाने, बिजली कनेक्शन मैपिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित कई संवेदनशील मामले सामने आए। डॉ. सतीश खोला ने इन मामलों पर तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर ही तालमेल बिठाकर 20 नागरिकों की गंभीर समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान करवाया। नागरिकों ने हरियाणा सरकार और प्रशासन का आभार जताया। डॉ. खोला ने कहा कि समाधान शिविर सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से न केवल शिकायतों का शीघ्र निवारण हो रहा है, बल्कि विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 12 जुलाई को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 12 जुलाई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, स्त्री रोग और दंत रोग में ओपीडी सेवाए प्रदान करेगी। इनके अलावा फिजियोथेरेपी की सुविधाएं भी दी जाएगी।

### कुंड में गोरक्षा अभियान के तहत सम्मेलन 15 को

**कुंड।** कुंड में 15 जुलाई को गोरक्षा अभियान के तहत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में गोरक्षक मोनू मानेसर मुख्या तिथि के रूप में शामिल होंगे। आध्यात्मिक चिंतक माजरी धाम के महंत सुमित गिरी महाराज के सानिध्य में गोरक्षक नीरज यादव ढाणी शोभा व गोरक्षक राहुल सरपंच के जन्मदिन पर आयोजित होने गोरक्षा सम्मेलन में रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टींट ने मोनू मानेसर से मिलकर गोसेवा के हित में उनकी ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अमित, रवि कोलाना, अजय फौजी व अकुर यादव मौजूद थे।

### सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने सनसिटी के पास सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को सट्टे की राशि सहित गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गोविंदपुरा निवासी संत कबीरदास चौक सनसिटी के नजदीक सरेआम सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर मौके पर भेज दिया। वहां मौजूद आरोपी ने जैसे ही सट्टे का नंबर लगाया, पुलिस ने उसे वहीं दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से सट्टे की 2 हजार रुपये राशि व पर्चा बरामद करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## परीक्षा परिणामों मे त्रुटियों, रिवेल्यूएशन में देरी वरी-अपीयर तथा ऑनलाइन सुविधाओं की कमी में जुटे छात्र

# आईजीयू के रिजल्ट में त्रुटियों को लेकर विद्यार्थियों का हंगामा

### तीखी बहस के बाद विवि प्रशासन के साथ बनी सहमति



रेवाड़ी। आईजीयू में प्रदर्शन के दौरान मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**आईजीयू प्रशासन ने विद्यार्थियों की सभी प्रमुख मांगों का शीघ्र समाधान करने का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में वीरवार को विभिन्न कॉलेजों से पहुंचे विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में लगातार सामने आ रही त्रुटियों, रिवेल्यूएशन में हो रही देरी, री-अपीयर तथा ऑनलाइन सुविधाओं की कमी सहित छात्रहित से जुड़े अनेक मुद्दों को लेकर हंगामा कर दिया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। छात्र नेता रवि मसीत ने विवि प्रशासन को विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान विद्यार्थियों व विवि प्रशासन के बीच तीखी बहस हुई, लेकिन बाद में सकारात्मक बातचीत से सभी मुद्दों पर सहमति बन गई। विवि प्रशासन ने विद्यार्थियों की सभी प्रमुख मांगों का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिसबल भी मौजूद रहा।

### विद्यार्थियों की ओर से रखी गई मांगे

विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में होने वाली सभी प्रकार की त्रुटियों का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान करने, रिवेल्यूएशन के परिणाम घोषित करने की समय-सीमा तय करने, सभी परीक्षा परिणाम निर्धारित समय में जारी करने तथा परिणाम, अंकपत्र, डिग्री एवं अन्य शैक्षणिक अभिलेखों में होने वाली त्रुटियों के समाधान की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की ओर से लेने की मांग की। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने छठे सेमेस्टर के री-अपीयर विद्यार्थियों को स्पेशल चांस देकर उनका एक वर्ष बचाने, सभी प्रकार की फीस जमा करने की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन करने, प्रत्येक भुगतान की ऑनलाइन रसीद उपलब्ध कराने, माइग्रेशन सर्टिफिकेट की आवेदन एवं शुल्क जमा प्रक्रिया को ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ने, प्रभावी ऑनलाइन ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम स्थापित करने तथा परीक्षा, परिणाम, री-अपीयर, रिवेल्यूएशन एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़ी सभी सूचनाएं समय पर विवि की आधिकारिक वेबसाइट एवं पोर्टल पर जारी करने की मांग उठाई।



रेवाड़ी। विवि प्रशासन के समक्ष छात्रों की मांगे रखते हुए रवि मसीत। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। अपनी समस्याओं को लेकर विवि प्रशासन से मिलने जाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शन में अनेक कॉलेजों के छात्र हुए शामिल

आईजीयू प्रशासन ने विद्यार्थियों की सभी मांगों को सुनकर सहमति व्यक्त की। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक मांग पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं विद्यार्थी हितैषी बनाया जाएगा। प्रदर्शन में प्रदेश के अनेक सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने असफल घोषित होने सहित परीक्षा प्रणाली से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे रखे। इस मौके पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा। विद्यार्थियों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव नहीं, बल्कि छात्रहित से जुड़े मुद्दों का स्थाई समाधान कराना है। विद्यार्थियों ने विश्वास व्यक्त किया कि घोषित आश्वासनों को शीघ्र लागू किया जाएगा, जिससे भविष्य में हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। इस मौके पर राहुल, राकेश, शिवराज, हरीश, कुणाल व आशीष सहित सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

## एबीवीपी सिर्फ छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित सशक्त युवा आंदोलनः तृप्ति सैनी

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस पर हुई विचार संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस पर वीरवार को सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक डा. वी.पी. यादव ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में परिषद की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य तृप्ति सैनी उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक सशक्त युवा आंदोलन है। परिषद ने पिछले 78 वर्षों में शिक्षा, संस्कार, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। डा. यादव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में विद्यार्थी परिषद की भूमिका प्रेरणादायी रही है। इस अवसर पर परिषद के नगर अध्यक्ष डा. मुकुट अग्रवाल ने काव्य-प्रस्तुति के माध्यम से संगठन के गौरवशाली इतिहास एवं राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।



रेवाड़ी। गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

नगर मंत्री कुमारी राजश्री वशिष्ठ, रेवाड़ी विभाग प्रमुख डा. दिनेश शर्मा, जिला प्रमुख डा. संजय शर्मा, विभाग संयोजक युधिष्ठिर धनखड़, प्रांत सहमंत्री व जिला संगठन मंत्री परविंदर सैनी, तरुण यादव, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कन्नू प्रिया, उर्वशी, विवान, संस्कृति वशिष्ठ, अंकित व हर्ष सहित परिषद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मन को शांत सकारात्मक और ऊजार्वान बनाने में सहायकः सरोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



पतंजलि योग समिति की ओर से द गवर्नमेंट एम्प्लॉइज को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी सेक्टर-3 पार्ट-2 में आयोजित योग शिविर में साधकों को योग, प्राणायाम के साथ स्वस्थ आहार-विहार और प्राकृतिक जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। जिला महिला प्रभारी सरोज आर्या के नेतृत्व में आयोजित शिविर में साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर आर्या ने कहा कि नियमितता और अनुशासन के साथ किया गया योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मन को शांत, सकारात्मक और ऊजार्वान बनाने में सहायक है। समिति के तहसील प्रभारी कैप्टन राजेंद्र सिंह ने विभिन्न बीमारियों में उपयोगी प्राणायाम तथा स्वस्थ जीवन के लिए उचित आहार-विहार और व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए केवल योगाभ्यास ही नहीं, बल्कि संतुलित एवं सात्त्विक भोजन, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद और सकारात्मक व्यवहार भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी आयु, शारीरिक क्षमता और स्वास्थ्य की स्थिति के अनुरूप नियमित अभ्यास करना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

शिविर में जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, शर्मिला, सुशीला, देवकी, भतेरी, कमलेश, सावित्री, बिनोद, कमला, संगीता, सुनील, लक्ष्मी, अनीता, नीलम और नमिता सहित अनेक योग साधक उपस्थित थे।

## प्राइमरी विद्यालय जलियावास माध्यमिक स्तर पर हुआ अपग्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

हरियाणा सरकार की ओर से गांव जलियावास के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला को माध्यमिक स्तर पर अपग्रेड कर दिया गया है। ग्रामीणों ने लंबित मांग के पूरा होने पर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार का आभार व्यक्त किया है। विधायक डा. कृष्ण कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला को माध्यमिक स्तर तक करने की मांग उठाई थी। मांग को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखने के साथ-साथ विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाया गया। विधायक ने कहा कि देश और प्रदेश में बिना भेदभाव के तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना से पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जनहितैषी कार्य कर रही है। सरकार की ओर से शिक्षा, खेल, परिवहन व स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में नए उपकरण, आधुनिक तकनीक व बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## समाधान शिविर में पहुंची सीवर सफाई कराने व अवैध कब्जे हटाने की शिकायत



रेवाड़ी। समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए एडीसी राहुल मोदी।

**रेवाड़ी।** वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी राहुल मोदी ने आमजन की समस्याएं सुनीं। एडीसी ने जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता से समस्याओं के निवारण करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कालका रोड पर सीवरेज जाम, धारूहेड़ा के वार्ड नंबर-8 में अवैध कब्जे व गांव ड्योढई में रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत सहित प्रॉपर्टी आईडी, बिजली की आपूर्ति, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड संबंधी शिकायत व पेंशन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर एडीसी ने विभागाध्यक्षों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## श्मशान घाट में त्रिवेणी लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



कोसली के हरिहर श्मशान घाट में वीरवार को पौधारोपण अभियान के तहत पीपल, बरगद और नीम की त्रिवेणी लगाई गई। इस अवसर नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पीपल, बरगद और नीम की त्रिवेणी भारतीय संस्कृति, आस्था और प्रकृति का अद्भुत संगम है। यह वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें जीवित रखना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एडवोकेट जीवन हितैषी, सरपंच रामकिशन, विजय आजाद, विशाल कोच, राजीव, पवन श्यामनगर, गोलू व शक्ति कोसलिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सीजेएम डॉ. रेनू सोलखे ने आस्था कुंज का किया औचक निरीक्षण



**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. रेनू सोलखे ने वीरवार को आस्था कुंज बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 17 बच्चे उपस्थित थे। सीजेएम ने सभी बच्चों से बातचीत की तथा उनके बारे में उनके खानपान तथा पढ़ाई के बारे में जानकारी लेकर आस्था कुंज के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बच्चों से संबंधित उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दत्तक ग्रहण अभिकरण का भी निरीक्षण किया, जिसमें 7 बच्चे थे। डा. सोलखे ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कार्यरत है। उन्होंने भोजन तथा चिकित्सा सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर डा. सोलखे ने आस्था कुंज में रहने वाले बच्चों के साथ पौधारोपण भी किया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में मंत्री की गाड़ी चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व मंत्री की गाड़ी चोरी का पांचवां आरोपी रिमांड पर

**रेवाड़ी।** सीआईए कोसली की टीम ने गत 28 मार्च की रात पूर्व मंत्री जसवंत सिंह की स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी करने के मामले में पांचवें आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। उसे पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। 29 मार्च को सेक्टर-3 निवासी पूर्व मंत्री जसवंत सिंह ने पुलिस शिकायत में बताया था कि 28 मार्च की रात उन्होंने अपनी काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी को अपने घर के सामने पार्क किया था। अगले दिन सुबह गाड़ी वहां से गायब मिली। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने पूर्व मंत्री की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। सीआईए कोसली ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। चोरी की गई गाड़ी भी बरामद कर ली गई थी। इस मामले में सीआईए कोसली ने एक और आरोपी राजस्थान जिला ब्यावर के गांव हथुन बाकला निवासी फिरोज काठात को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह किसी अन्य मामले में जेल में बंद था। उसे कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

**अभियान** 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दर्ज करा सकते है आपत्ति

## 14 जुलाई से पहले बीएलओ को गणना प्रपत्र भरकर जमा कराएं मतदाताः उपायुक्त

- जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ की ओर से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर गणना पत्र एकत्रित करने के साथ-साथ मतदाता भौतिक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। डीसी मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय में जिला से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों से आह्वान किया कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन का पूरा सहयोग करें। डीसी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य-2026 के तहत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं और गणना पत्र भरवा रहे हैं, ताकि शुद्ध और त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार की जा सकें। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को, दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक, दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 21 जुलाई से 18 सितंबर तक तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा।

डीसी मीणा ने बताया कि जिले में 80.58 प्रतिशत तक डिजिटलाइजेशन का कार्य किया जा चुका है। इनमें बावल विधानसभा में 81.22 प्रतिशत, कोसली विधानसभा में 89.74 प्रतिशत और रेवाड़ी विधानसभा में 71.26 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटलाइजेशन का कार्य हो चुका है।



रेवाड़ी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में बीएसपी से मास्टर किशोरी लाल, बीजेपी से सत्यपाल धूपिया, वीर सिंह, आईएनएलडी से रजवंत डहीनवाल, आप से एससी अग्रवाल, सुभाष चंद और नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार, प्रवीन व संजय मौजूद थे।

## 12 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किए चार आरोपी

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए चार लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। सिटी पुलिस ने ऑटो मार्केट निवासी मुकेश को सूचना के आधार पर 12 बोतल व 24 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संघी का बास मोहल्ले में शराब बेचने के आरोप में भगवान दास को 54 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर जाटूसाना थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर जाटूसाना निवासी प्रदीप के घर पर रेड की तो उसके कब्जे से अवैध शराब की 12 बोतल बरामद हुइं। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया। वहीं थाना धारूहेड़ा पुलिस ने मसानी निवासी रेवत सिंह 11 बोतल देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं।

